हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 6 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड


तापमान

अधिकतम 30 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री


11 कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ चातुर्मास का समापन, श्रद्धा और भक्ति का ...



12 शहर में गुरूनानक देव महाराज जयंती की धूम




आज एक दिवसीय प्रदर्शन, 12 से अनिश्चितकालीन हड़ताल

## सहकारी समिति के बाद अब जिला सहकारी बैंक के कर्मचारी आंदोलन की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

अभी सहकारी समितियों के कर्मचारियों की हड़ताल खत्म नहीं हुई है और जिला सहकारी बैंक के कर्मचारियों का आंदोलन शुरू हो गया है। आज बैंक के कर्मचारी सामूहिक छुट्टी लेकर एक दिवसीय हड़ताल करेंगे। इसके बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वे 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कर्मचारी संघ के आंदोलन का तृतीय चरण आज होगा जिसमें रायपुर, बलौदाबाजार, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद, सारंगढ़ -बिलाईगढ की समस्त 73 शाखाओं में कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। गुरुवार को जिला सहकारी बैंक की सभी शाखाओं में ताला लगा रहेगा। बैंक कर्मचारियों ने बताया कि कर्मचारी संघ के संयुक्त तत्वावधान में वार्षिक वेतन वृद्धि को लेकर क्रमबद्ध तरीके से आंदोलन जारी है, जिसके तहत समस्त कर्मचारी नोडल कार्यालय जिला मुख्यालय में अपनी मांग को पूरा कराने कार्यालयीन समय सुबह साढ़े 10 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक नारेबाजी कर आंदोलन करेंगे। कर्मचारियों ने बताया कि इसके बाद भी उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो वे 12 नवंबर से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे।



### न्यायालय में हुई है जीत

कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मोहनलाल साहू, याचिकाकर्ता देवेंद्र पांडे, विधान तिवारी, युवराज दुबे, अविनाश शर्मा, मनोज कुमार दिवाकर, दिलीप दिवाकर, शिवेश मिश्रा आदि ने मीडिया को बताया कि वेतनवृद्धि की मांग पूरी नहीं होने पर कर्मचारियों ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर गुहार लगाई थी। न्यायालय में कर्मचारियों की जीत हुई। स्पष्टीकरण याचिका में भी जवाब तलब किया गया और 5 वर्षों का वेतन एरियर्स देने आदेश हुआ। इसके बाद भी वेतनवृद्धि का लाभ नहीं दिया जा रहा है।

### नहीं पड़ेगा सरकार पर भार

सेवानिवृत्त कर्मचारी रमेश शर्मा, जहीर अहमद कुरैशी, सुनीता, नीतु शर्मा, किरण बाला खलको, सुशील सोनी, कुमार वर्मा, अरुण सक्सेना, परमेश्वर वर्मा ने बताया कि सहकारी बैंक कर्मचारियों का वेतन वृद्धि रोकना समझ से परे हैं। कर्मचारियों की वेतन वृद्धि से सरकार के खजाने या वित्त विभाग पर कोई भार नहीं पड़ेगा। बैंक के अर्जित लाभ से ही वेतन वृद्धि होनी है। सुपरवाइजर ललित मानिकपुरी, लेखापाल एलएन गुवेंद्र, लिपिक जगन्नाथ, संतराम बंजारे ने बताया कि इस मामले में पंजीयन कार्यालय से लापरवाही बरती जा रही है।

### किसानों पर दोहरी मुसीबत

धान खरीदी शुरू होने में मात्र कुछ दिन शेष हैं। सहकारी समिति के कर्मचारी पहले से ही अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। अब बैंक के कर्मचारियों के आंदोलन पर जाने से उनकी समस्या और बढ़ जाएगी। वर्तमान में किसानों को कटाई, मिंजाई के लिए रुपयों की जरूरत है। बैंक बंद होने से वे अपना खुद का पैसा जरूरत के समय नहीं निकाल पाएंगे। सहकारी समितियों के बंद होने से धान को समर्थन मूल्य पर नहीं बेच पाएंगे।

## सहकारिता में उत्कृष्ट कार्य करने पर डोमा सोसाइटी को मिला सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

सहकारिता की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने वाली डोमा सोसाइटी को राज्योत्सव रायपुर में सम्मानित किया गया। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने समिति के प्रबंधक खेमूराम साहू को मंच से यह सम्मान दिया। यह सम्मान जिले के लिए गौरव की बात है।



खेमूराम साहू

डोमा सोसाइटी जिले की सबसे बड़ी कृषि सहकारी साख समिति है। यहां पर बेहतर तरीके से काम हुआ है। इस साल खरीफ में इस समिति ने 1175 किसानों को 6 करोड़ रुपए का ऋण बांटा है। ऋण वितरण में पूरे जिले में यह समिति अग्रणी है। यही नहीं जिले का पहला एयर कंडीशन ऑफिस इसी समिति में बना। किसानों के लिए फ्रीजर, दवा, खाद वितरण की व्यवस्था भी बेहतर है। समिति की आवक भी सर्वाधिक है। इसके अतिरिक्त इस समिति के नाम सहकारिता की दिशा में और कई उपलब्धि है, जिसे देखते हुए रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय राज्योत्सव में डोमा समिति को ठाकुर प्यारेलाल सम्मान दिया गया। इस कार्यक्रम में समिति के प्राधिकृत अधिकारी तुलाराम साहू सहित अन्य लोग शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 8 को

**धमतरी।** छग पेंशनधारी कल्याण संघ जिला शाखा धमतरी की मासिक बैठक 8 नवम्बर को दोपहर 2 बजे से कर्मचारी भवन (तहसील कार्यालय के पास) धमतरी में आयोजित की गई है। बैठक में नये सदस्यों का स्वागत, संघ के सदस्यों का जन्मदिन (अक्टूबर एवं नवम्बर), दीपावली मिलन एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की जायेगी। संघ के सदस्यों से उपस्थिति की अपील कृपाशंकर मिश्रा, राजेन्द्र चन्द्राकर, राजकुमार मिश्रा, कृष्णाराम साहू, लक्ष्मणराव मगर, होलाराम परिहा ने की है। यह जानकारी सचिव ईश्वरी दयाल साहू ने दी है।

### भाला फेंक में श्रीप्रिया ने सिल्वर मेडल जीता



**जीजामगांव।** सरस्वती शिशु मंदिर चटौद की पूर्व छात्रा एवं सरस्वती शिशु मंदिर कुरूद में अध्ययनरत कक्षा 10वीं की छात्रा श्रीप्रिया ध्रुव ग्राम दरबा ने विद्या भारती द्वारा 31 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक विद्या पीठम हासन (बेंगलूर) कर्नाटक में आयोजित अखिल भारतीय एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता अंडर 17 वर्ग भाला फेंक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल हासिल किया। वह घनश्याम-श्रीमती वसुन्धरा की पुत्री हैं। उनकी इस सफलता पर विद्यालय परिवार तथा पूरा गांव गौरवान्वित है। सभी ने इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### जीजामगांव में 9 से श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ

**जीजामगांव।** मलघाटी परिवा द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान गंगा यज्ञ सप्ताह का आयोजन 9 से 17 नवंबर तक किया गया है। कथावाचक पं. संतोष मिश्रा तर्री नवापारा राजिम होंगे। परायण कर्ता देवेंद्र दुबे महाराज होंगे। कथा दशहरा मैदान बाजार चौक जीजामगांव में दोपहर 1 से प्रारंभ होगी। आयोजन की तैयारी में नूतन, प्रभुराम साहू, हेमलता, साधना, प्रदीप कुमार, युगमणि, हिमांशु साहू, गुलशन साहू, विनय, त्रिवेणी, गोपाल, पूर्णिमा, देवराज, लता, आनंद, तीजबती, तीरथ, योगेश्वरी, तोषण, तारिणी, मोहित, विभा, पुनेश्वर, लीना, ललित, निशा, तोरण, तरुणा साहू, देवकी साहू, रेवती, राम्हू, गोदावरी, गोपाल, ओमलता, मोनेश देव, तरूणा, भूपेंद्र जुटे हुए हैं।



### आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 10 नवंबर से

**धमतरी।** कॉम्पटेक महाविद्यालय में अध्ययनरत बीसीए, बीएससी, बीकॉम प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के नियमित विद्यार्थियों की सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 10 नवंबर से दो शिफ्ट में 12 नवंबर तक होगी। विद्यार्थियों को इस परीक्षा में बैठना अनिवार्य है। आंतरिक मूल्यांकन के अंक अंतिम परीक्षा के अंकों में जोड़े जाते हैं। प्रायोगिक परीक्षा 22 नवंबर से होगी। सभी विद्यार्थी को प्रायोगिक विषयों की प्रैक्टिकल कॉपी 10 नवंबर तक चेक कराने कहा है।

## जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव बोरई पहुंचे कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा जिले के अंतिम छोर पर बसे गांव बोरई पहुंचे। इस दौरान उन्होंने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर क्षेत्र के विकास के लिए रणनीति बनाई एवं समस्याओं पर चर्चा की। कलेक्टर श्री मिश्रा ने क्षेत्र में विद्युत, स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सिविल अस्पताल में डॉक्टरों की उपस्थिति के संबंध में पूछा। कलेक्टर ने सरकारी समिति और बैंक सखी की भी जानकारी ली। स्थानीय जनप्रतिनिधि ने बताया कि क्षेत्र में सहकारी समिति और बैंक न होने के कारण कियोस्क के माध्यम से लेनदेन किया जाता है।

कलेक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य अमला मुख्यालय में रहे। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए जाने पर कार्रवाई जाएगी। उन्होंने बोरई सिविल अस्पताल में एक 108 वाहन उपलब्ध करने की बात कही। जनप्रतिनिधियों द्वारा विद्युत की समस्या बताने पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने भरोसा दिलाया कि जनवरी माह तक सब स्टेशन शुरू हो जाएगा, जिससे इस समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने बोरई से सिहावा मार्ग की बीटी और पैच वर्क करवाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। छात्रावास की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने सीएएफ के भवन को लेकर उसमें हॉस्टल और स्कूल संचालित करने कहा। मौके पर जिला पंचायत सदस्य मनोज साक्षी, जनपद सदस्य सोन राज वट्टी, सरपंच बोरई माखन सलाम, उपसरपंच छबिलाल यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

जनप्रतिनिधियों से मिलकर क्षेत्र विकास पर की चर्चा



## पुलिस की तत्परता से वापस मिली 1.60 लाख की राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गलत खाते में ट्रांसफर हुए 1.61 लाख रुपए पुलिस की तत्परता से युवक को वापस मिल गया।

■ गलत खाते में रकम हो गई थी ट्रांसफर

पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव निवासी घनश्याम राजपुरिया पिता अर्जुनसिंह उम्र 45 वर्ष ने एसपी के संज्ञान में लाया था कि उनके द्वारा आरटीजीएस के माध्यम से भूलवश 1.60 हजार की राशि गलत खाते में ट्रांसफर हो गई है। एसपी सूरजसिंह परिहार ने प्राप्त शिकायत की जांच के निर्देश दिए। जांच के दौरान पाया कि घनश्याम राजपुरिया ने जनवरी 2025 में आयशर ट्रेक्टर साहू एग्रो कुरूद से एक नया ट्रेक्टर खरीदा था। ट्रेक्टर की कुल कीमत 7.50 लाख रुपए में से 5.50 रूपए अदा किया। शेष 2 लाख रुपए में से 1.60 लाख रुपए को 12 जून को आरटीजीएस के माध्यम से ट्रांसफर किया। खाता नंबर गलत अंकित हो जाने के कारण उक्त राशि अनजान गलत खाते में चली गई।



शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकता से कार्रवाई करते हुए बैंक से संबंधित खाता का विवरण प्राप्त किया। विवरण में पाया कि उक्त अनजान खाता राजेंद्र रेड्डी मराम निवासी नियापुर हैदराबाद तेलंगाना का है। केनरा बैंक के माध्यम से उक्त खाताधारक से संपर्क स्थापित कर उसे स्थिति से अवगत कराया गया। खाताधारक ने पूर्ण सहयोग करते हुए 4 अक्टूबर 2025 को 1.60 लाख रूपए की पूरी राशि आवेदक के खाते में वापस ट्रांसफर कर दी। अपने खाते में राशि वापस आ जाने से आवेदक ने एसपी एवं धमतरी पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया।


## गौवंश ले जाने के मामले में चार के खिलाफ अपराध दर्ज

■ मेटाडोर में भरकर क्रूरतापूर्वक मवेशियों को ले जा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

गौवंश को मेटाडोर में भरकर ले जाने के मामले में गौसेवकों की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने चार व्यक्तियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मंगलवार को अर्जुनी पुलिस को सूचना मिली कि आयशर मेटाडोर क्रमांक सीजी 23 एम 0714 के चालक एवं कुछ लोग 25-30 बछड़ा-बछिया को आयशर मेटाडोर के डाला में ठूंस-ठूंसकर भरकर बिना चारा-पानी के यातना देते नगरी की तरफ ले जाने के लिये ग्राम अछोटा के पेट्रोल पंप के पास खड़े हैं। वाहन से बछड़ा-बछिया के रंभाने की आवाज आ रही है। सूचना पर पुलिस व स्टाफ गवाहों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां रोड किनारे मेटाडोर खड़ी मिली जिसमें चालक सहित चार लोग बैठे थे। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम शंकर गोंड पिता सुकालू निवासी करनपदर थाना रायघर जिला नवरंगपुर उड़ीसा निवासी बताया। अन्य लोगों ने अपना नाम कन्हैया नेताम पिता सदाराम उम्र 27 वर्ष ग्राम धोबनडीह थाना शोभा जिला गरियाबंद, शत्रुघन सोरी पिता रामसाय उम्र 43 वर्ष व गोपाल सोरी पिता रामरामनाथ उम्र 38 वर्ष दोनों ग्राम जोरातराई थाना खल्लारी जिला धमतरी निवासी बताया। पुलिस ने संदेहियों की मेटाडोर की तलाशी ली। वाहन तिरपाल से ढंका था जिसके अंदर देसी नस्ल के कुल 6 नग बछड़ा उम्र दो से ढाई वर्ष, देसी नस्ल की बछिया 11 नग सहित कुल 28 गौवंश बरामद हुए। पुलिस ने गवाहों के समक्ष पंचनामा तैयार किया।



संदेहियों को 28 नग गौवंश का परिवहन करने के संबंध में छग कृषिक पशु परिरक्षण नियम 2014 के तहत अनुज्ञा पत्र अथवा पशु स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र न होने व प्रति पशु 2 वर्गमीटर निर्धारित मापदंड अपनाते हुए 6 नग बछड़ा व 22 नग बछिया कुल 28 गौवंश को वाहन के डाला 9.07 वर्गमीटर में भरकर बिना किसी सुरक्षा उपाय के यातना पहुंचाते परिवहन करते पाया गया। पुलिस ने पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 की धारा 11-घ के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी शंकर गोंड, कन्हैया नेताम, शत्रुघन सोरी व गोपाल सोरी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की है।

## छत पर नहा रहे युवक पर बंदर ने किया हमला



बाएं पैर को काटा बठेनापारा वार्ड की घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

घर की छत पर नहा रहे युवक पर एक बंदर ने अचानक हमलाकर उसे काटकर घायल कर दिया है।

स्थानीय बठेनापारा निवासी मुकेश मरकाम पिता सोहनलाल उम्र 20 वर्ष सिक्युरिटी गार्ड का काम करता है। बुधवार की सुबह युवक घर की छत पर साफ सफाई कर रहा था। सफाई करने के बाद युवक छत में ही नहा रहा था। इसी दौरान अचानक एक बंदर ने नहा रहे युवक पर छलांग लगा दी। अचानक हुए हमले से युवक हड़बड़ा गया। किसी तरह बंदर को अपने से दूर किया, लेकिन बंदर ने उसके बाएं पैर को अपने दांतों से काटकर भाग गया। बंदर के काटने से युवक लहूलुहान हो गया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे वार्ड में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। बंदर के हमले से युवक के पैर में गहरा जख्म लगा है। 3 से 4 टांके लगाए गए हैं। मेडिकल स्पेशलिस्ट डा. विकास साहू ने बताया कि युवक को एंटीरैबीज का इंजेक्शन दिया गया है। इसके बाद 4 इंजेक्शन और लेना होगा। फिलहाल युवक वार्ड में भर्ती है।

घायल मुकेश ने बताया कि इन दिनों वार्ड में 8 से 10 बंदरों की टोली पहुंच है जो छत पर रखे सामानों व घर की बाड़ी में लगी सब्जियों को तहस-नहस कर रही है। बंदरों की टोली बीते कुछ वर्षों से बाड़ी में लगातार आ रही है। इससे पहले किसी पर हमला नहीं किया था। आज अचानक हमला कर उसे काट दिया है।

अधिकारी समन्वय बनाकर करें काम, समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश

## विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मिश्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने समय-सीमा की बैठक लेकर किसान पंजीयन, प्रधानमंत्री जनमन, प्रधानमंत्री आवास योजना की ब्लॉकवार जानकारी ली और विकासखंड स्तर पर लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारी समन्वय बनाकर जिले के विकास हेतु कार्य करें, कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### कोई भी किसान धान बेचने से वंचित न हो

कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ होगी। इसके लिए खरीदी केन्द्रों में बारदाने, पेयजल, छाया और अन्य सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी पात्र किसान धान बेचने से वंचित न रहे। बैठक में चक्रवात से हुई फसल क्षति और राजाडेरा बांध टूटने से हुई हानि पर भी चर्चा की गई। इस संबंध में जांच समिति गठित कर सात दिनों में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने औषधीय पौधों और मखाना की खेती को प्रोत्साहित करने कहा और प्रति एकड़ में लगने में आने वाली लागत के प्रस्ताव उच्च कार्यालय को भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने ऐसे गांवों में जहां उचित मूल्य दुकान नहीं है, वहां सरकारी भवनों में राशन रखने और सप्ताह में एक दिन ग्रामीणों को वितरण कराने कहा।

### एएनएम का 15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश

स्वास्थ्य और सामाजिक योजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने बुड़रा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने और बोरई की एएनएम का 15 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने मगरलोड में आयोजित एलुमिनी मीट की सराहना की और अन्य स्थानों पर भी इस तरह के आयोजन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री मिश्रा ने सड़क मरम्मत, पर्यटन क्षेत्र विकास, गवर्नेंस ऑन व्हील अभियान की समीक्षा की और अधिकारियों को मुख्यालय से बिना अनुमति बाहर न जाने के निर्देश दिए।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969





### सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर संसदीय क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर होगी 3 दिवसीय पदयात्रा

# रन फॉर यूनिटी पदयात्रा 8 को आमदी से प्रारंभ होकर गांधी चौक तक आयेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

केंद्र की मोदी सरकार ने भारत के प्रथम उपप्रधानमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर एकता एवं सद्भावना पदयात्रा करने का निर्णय लिया है। इसके लिए प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में अलग अलग-स्थानों पर 3 दिवसीय पदयात्रा करने की रूपरेखा बनाई गई है। महासमुंद लोकसभा में यह आयोजन 6 से 8 नवंबर तक होगा।




कार्यक्रम की संयोजक लोकसभा क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने बताया कि आजादी के बाद बनी भारत की अंतरिम सरकार में उप प्रधानमंत्री तथा गृह मंत्री के रूप में सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश के अलग क्षेत्रों की 562 से अधिक रियासतों का भारत संघ में विलय कराकर देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनकी 150 वीं जयंती पर केंद्र की मोदी सरकार ने 31 अक्टूबर से 25 नवंबर के बीच देश भर में एकता और सद्भावना पदयात्रा निकालने का निर्णय लिया है। यात्रा के दौरान प्रमुख नगरों और कस्बों में सभाएं भी आयोजित की जायेंगी। उसके पश्चात प्रत्येक जिले से 5 युवाओं का चयन कर रोड यात्रा के अंतर्गत दिल्ली, नागपुर, मुंबई, जयपुर भेजा जायेगा। वहां से इन युवाओं की टोली सरदार पटेल की जन्मस्थली बसों द्वारा करमसद (गुजरात) पहुंचेगी। करमसद से केवड़िया तक लगभग 150 किमी की राष्ट्रीय पदयात्रा 26 नवंबर से प्रारंभ होकर 6 दिसंबर तक केवड़िया पहुंचेगी जहां नर्मदा नदी के किनारे सरदार सरोवर बांध पर सरदार पटेल की विश्व की सबसे ऊंची स्टेच्यू स्टेच्यू ऑफ यूनिटी बनी है।

#### समितियों का गठन

पार्टी ने इसके लिए अलग अलग स्तर पर समितियों का गठन किया है। केंद्रीय समिति (लोकसभा स्तरीय) की संयोजक सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी होंगी। सह संयोजक महासमुंद जिलाध्यक्ष एतराम साहू होंगे। समिति में सांसद, जिलाध्यक्ष, जिलों के विधायक, जिला पंचायतों के अध्यक्ष, निगम मंडल आयोग के अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिलों के महामंत्री, महापौर, सभापति, नगर पालिका एवं पंचायतों के अध्यक्ष, जनपद पंचायतों के अध्यक्ष के साथ साथ विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए भी प्रभारी बनाये गए हैं। इनमें मुख्य रूप से लोकसभा स्तर पर मीडिया प्रभारी कविंद्र जैन, सोशल मीडिया प्रभारी नवीन साहू, चिकित्सा प्रबंधन डॉ विमल चोपड़ा, प्रचार सामग्री प्रदीप चंद्राकर, यातायात प्रबंधन राहुल चंद्राकर एवं स्वच्छता प्रभारी हनी गंभीर तथा राजू साहू होंगे।

#### कुरूद विधायक संबोधित करेंगे

मीडिया प्रभारी कविंद्र जैन ने बताया कि पदयात्रा की शुरुआत 6 नवंबर को महासमुंद के ग्राम बेलसोंडा से होगी। पदयात्रा शुभारंभ के अतिथि विधायक संपत अग्रवाल, चंद्रहास चंद्राकर, शंकर अग्रवाल एवं श्रीमती मोंगरा पटेल होंगे। यात्रा शहीद स्मारक होते हुए लोहिया चौक पहुंचेगी। लोहिया चौक में दोपहर 3 बजे एक विशाल सभा के साथ यात्रा का समापन होगा। सभा को कुरूद विधायक अजय चंद्राकर संबोधित करेंगे। उनके साथ अन्य वक्ता महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा एवं डॉ विमल चोपड़ा होंगे। 7 नवंबर को गरियाबंद में पदयात्रा संपन्न होगी।

#### पोटियाडीह में स्वागत सभा होगी

धमतरी विधानसभा अंतर्गत नगर पंचायत आमदी के बाजार चौक में 8 नवंबर को प्रातः 10 बजे एक सभा के साथ कार्यक्रम की शुरुआत होगी। ग्राम पोटियाडीह में स्वागत सभा होगी। उसके पश्चात यात्रा ग्राम मुजगहन पहुंचेगी। मुजगहन में बाजार शेड में एक सभा होगी। वहां से आगे चलकर स्वामी विवेकानंद जी मूर्ति पर पदयात्रियों द्वारा माल्यार्पण किया जायेगा। रत्नाबांधा चौक स्थित छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा पर, घड़ी चौक में शास्त्री जी मूर्ति पर माल्यार्पण करते हुए बालक चौक, चमेली चौक होते हुए गांधी चौक में यह यात्रा सभा के रूप में परिणीत होगी। कार्यक्रम को लेकर अजय चंद्राकर, प्रकाश बैस, श्रीमती रंजना साहू, नेहरू निषाद, रामू रोहरा, अरुण सार्वा, इंदर चोपड़ा सहित प्रमुख नेताओं ने बैठक कर रूपरेखा तैयार की है।

#### आमदी की सभा के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभारी बने

आमदी की सभा के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष शशि पवार को प्रभारी बनाया गया है उनके साथ जिला महामंत्री राकेश साहू एवं मंडल अध्यक्ष विनय जैन को जिम्मेदारी दी गई है। मुजगहन की सभा के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू निषाद प्रभारी तथा जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव तथा जिला पंचायत सदस्य धनेश्वरी साहू सहप्रभारी होंगे। धमतरी नगर की सभा के प्रभारी पूर्व जिला महामंत्री कविंद्र जैन होंगे। उनके साथ जिला महामंत्री महेन्द्र पंडित, मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल होंगे।

## लोक गीत की प्रस्तुति से दर्शक हुए मंत्रमुग्ध



■ जिलास्तरीय राज्य उत्सव में कलाकारों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिलास्तरीय राज्य उत्सव के अंतिम दिन लोक गीत की प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध हुए। लोक गीत की प्रस्तुति ओमन लाल सिन्हा, लोकगायिका संगीता साहू और उनकी टीम द्वारा की गई जिसमें राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के वीरेंद्र कुमार कुंजाम ने बांसुरी वादन। तबला वादन कोटवार संघ के जिलाध्यक्ष सुरेशदास मानिकपुरी, नाल वादन सार्थक स्कूल की टीचर देविका दीवान एवं मंजीरा बाल कलाकार श्री पांडे द्वारा बजाया गया। कार्यक्रम में जिलाधीश अबिनाश मिश्रा, अपर कलेक्टर जितेंद्र प्रेमी, डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम, तहसीलदार ख्याति कंवर, कुसुम प्रधान समेत विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। प्रत्येक कलाकारों को प्रशस्ति-पत्र दिया गया।

इस उपलब्धि पर तहसीलदार कुकरेल, राजस्व निरीक्षक संजय सोनी, पटवारी मोहर पटेल, सुरेंद्र ध्रुव, किशोर कश्यप, योगेंद्र श्रीमाली, द्विजराम, कुशल कुंजाम, गोविंद साहू, लक्ष्मी, झंकार, ज्योति, सोहन, लीना ने खुशी जाहिर की है।

### खबर संक्षेप

#### जांच के लिए कांग्रेस ने गठित की समिति

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के भैरमगढ़ विकासखण्ड अंतर्गत बैल, धरमा एवं बडेपल्ली गांव के ग्रामीणों की लगभग 120 एकड़ से ज्यादा निजी भूमि पर रायपुर के एक उद्योगपति के द्वारा रजिस्ट्री कराने के मामले में कांग्रेस ने जांच दल का गठन किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष संतराम नेताम के नेतृत्व में नौ-सदस्यीय जांच समिति का गठन किया है। सदस्यों में विक्रम मंडावी विधायक, राजमन बेंजाम, छविन्द्र कर्मा, हरीश कवासी, नीना रावतिया महामंत्री प्रदेश कांग्रेस कमेटी, शंकर कुडियाम, लालू राठौर जिला अध्यक्ष, लच्छु राम मौर्य सदस्य जिला पंचायत शामिल है। जांच समिति अविलंब क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित ग्रामवासियों से चर्चा कर प्रकरण की वस्तुस्थिति से अवगत होकर अपना प्रतिवेदन प्रदेश कांग्रेस कमेटी को देगा।

#### अभिनव बने सीए

**जगदलपुर।** शहर निवासी और सेवा निवृत ग्रामीण बैंक मैनेजर भूपेंद्र सिंह और माता पूर्णिमा सिंह के पुत्र अभिनव सिंह ठाकुर ने हाल ही में आयोजित सीए परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। अभिनव की इस उपलब्धि पर उनके परिवार में खुशी की लहर है। उनके माता-पिता ने उनकी मेहनत और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें अपने बेटे पर गर्व है।

#### विशेष योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर प्रारंभ

**जगदलपुर।** पतंजलि योगपीठ, हरिद्वार द्वारा 25 दिवसीय सहयोग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ आज जलाराम मंदिर सभागार में विधिवत रूप से किया गया। शिविर 5 नवंबर से 29 नवंबर तक चलेगा, जिसमें प्रतिभागी ऑफलाइन के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से भी जुड़ सकते हैं। इस विशेष प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य अधिक से अधिक युवाओं,गृहिणियों, विद्यार्थियों और समाजसेवियों को प्रमाणित योग शिक्षक बनाना है जिससे वे न केवल स्वयं स्वस्थ रहें,बल्कि समाज में योग क्रांति के प्रेरक भी बन सकें।

### निधन

#### राधा देवांगन

**नगरी।** ग्राम बेलरगांव निवासी राधा देवांगन 92 वर्ष का निधन हो गया।



श्मशान घाट में उनका दाह संस्कार किया गया। वह दौवालाल देवांगन व त्रिलोकचंद देवांगन की माता थीं। उसकी अंतिम यात्रा में परिवारजन, सामाजिक जन व ग्रामीणजन शामिल हुए।

## गोस्वामी समाज ने मनाया दीपावली मिलन





हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

जिला गोस्वामी समाज का दीपावली मिलन कार्यक्रम विंध्यवासिनी मंदिर के पास गोस्वामी समाज के मठ मंदिर प्रांगण में रखा गया था। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत सुरेंद्र पुरी गोस्वामी ने की। इस दौरान सामाजिक विषयों पर भी चर्चा की गई।

आने वाले समय में जिला गोस्वामी समाज का पारिवारिक सम्मेलन करने का भी प्रस्ताव लाया गया। पौराणिक मठमंदिर स्थल को सुरक्षित करने पर चर्चा हुई। स्थल का सीमांकन करने जिला कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देने की बात कही। जिला गोस्वामी समाज के वरिष्ठ एवं जिला सांख्यिकी विभाग से अंकेक्षक के पद से सेवानिवृत ओंकारपुरी गोस्वामी को उनके निवास स्थान जाकर शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मौके पर महंत सुरेंद्रपुरी गोस्वामी, जिला गोस्वामी समाज के अध्यक्ष नीलम बन गोस्वामी, सचिव रंजीतपुरी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष दिनेशपुरी गोस्वामी, उपाध्यक्ष टकेश्वरपुरी गोस्वामी, विजयपुरी गोस्वामी, रमनगिरी गोस्वामी, हेमंतगिरी गोस्वामी, सुरेशपुरी गोस्वामी उपस्थित थे।

## कुकरेल में मूत्रालय निर्माण पर 90 हजार का खर्च

■ ग्रामीण नरेंद्र सिंह ने कलेक्टर को आवेदन देकर जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगरी विकासखंड के ग्राम कुकरेल निवासी नरेंद्र सिंह राजपूत ने कलेक्टर धमतरी को आवेदन देकर ग्राम पंचायत क्षेत्र में बने छोटे मूत्रालय (यूरिनल) निर्माण कार्य में अनियमितता की शिकायत की है।

आवेदक ने आवेदन में बताया है कि ग्राम पंचायत कुकरेल में व्यावसायिक कार्यालय के पीछे एक छोटा मूत्रालय बनाया गया है, जिसका आकार लगभग 6x15 फीट है। इस छोटे से निर्माण कार्य के लिए



करीब 90 हजार रुपये की राशि खर्च की गई है।

शिकायतकर्ता का कहना है कि जब देश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गरीबों को 1 लाख 35 हजार रुपये में लगभग 268 से 270 वर्ग फीट का पक्का मकान उपलब्ध कराया जा रहा है, तो सिर्फ 90 वर्ग फीट के मूत्रालय पर 90 हजार रुपये खर्च किया जाना गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि मूत्रालय निर्माण में हुई संभावित धांधली और राशि के दुरुपयोग की जांच की जाए तथा दोषी जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

## अमलीडीह में 55 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

रक्तदान महोत्सव जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति एवं ग्रामवासियों ग्राम अमलीडीह में रक्तदान महोत्सव कार्यक्रम रखा गया। मुख्य अतिथि नेमिन माधव साहू, सरपंच, जगदीश राम साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति अमलीडीह, छन्नूलाल साहू अध्यक्ष साहू समाज ग्राम अमलीडीह, राजकुमार यादव अध्यक्ष जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति ग्राम अमलीडीह, कमलेश साहू उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति अमलीडीह, रामस्वरूप साहू सचिव ग्राम




पंचायत, टाटेश्वर सिंह उपसरपंच, लक्ष्मी नारायण साहू उपाध्यक्ष जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति, यनजू साहू सचिव जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति, दिनेश बनपेला सहसचिव जय मां बम्लेश्वरी सेवा समिति समेत अन्य थे। 55 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। उन्हें समिति द्वारा हेलमेट और प्रशस्ति-पत्र दिया गया।

## एनएसएस स्वयंसेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

■ देवरी में हुआ रासेयो शिविर का आयोजन

शाउमावि कोसमर्रा में प्राचार्य बालकृष्ण साहू, कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी अनिल साहू के निर्देशन में ग्राम देवरी में दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगमाया साहू सरपंच, विशेष अतिथि रूपराम साहू पूर्वसरपंच, रामकृष्ण साहू, तेजेन्द्र साहू एवं पंचगण थे।

इस अवसर पर सरपंच श्रीमती



योगमाया साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक निःस्वार्थ भाव से लोगों को जागरूक करते हैं। स्वयंसेवक इस योजना से जुड़कर व्यक्तित्व विकास करते हैं। रामकृष्ण साहू ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ही इस देश के भविष्य हैं। कार्यक्रम अधिकारी श्री सोनबेर एवं सहायक कार्यक्रम अधिकारी श्री साहू ने कहा कि विद्यालय में रासेयो विगत चौदह वर्षों से संचालित है। इस योजना से जुड़कर छात्र- छात्राएं अच्छे पदों पर आसीन हैं। इसके बाद स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत परिसर, सामुदायिक भवन, बाजार चौक, नल, तालाब, स्कूल परिसर एवं खल्लारी मंदिर परिसर की साफ-सफाई कर लोगों को जागरूक किया। स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति अभियान, पर्यावरण संरक्षण, पोषण जागरूकता, साक्षरता, साइबर जागरूकता संबंधी नारे लगाते हुए रैली निकाली। कार्यक्रम में शैलेन्द्र साहू, सुमीत कुमार, तन्मय, तारिणी, जागृति, गीतांजलि, हिना, टमेश्वरी ने सहभागिता प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व स्वयंसेवक गोपाल साहू ने किया।

### भीतररास में 15 लाख की लागत से बनने वाले गौशाला शेड का किया भूमिपूजन

# गौ सेवा ही संस्कृति की सच्ची सेवा है : अरुण

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

ग्राम पंडरीपानी (भीतररास) स्थित श्री श्रृंगी ऋषि गौशाला जीव रक्षा सेवा समिति परिसर में लगभग 15 लाख रुपये की लागत से बनने वाले गौशाला शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने किया।

भूमिपूजन के दौरान श्री सार्वा ने पूजा-अर्चना कर कार्य की विधिवत शुरुआत की और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए श्री सार्वा ने कहा कि गाय हमारी संस्कृति, आस्था और आजीविका का प्रतीक है। जैसे हम अपनी माता की सेवा करते हैं, वैसे ही हमें गौमाता की सेवा भी पूरे मन से करनी चाहिए। गाय न केवल हमें पोषण देती है बल्कि पर्यावरण और



कृषि के संतुलन की भी आधारशिला है। गौ सेवा करना अपने धर्म और संस्कृति की रक्षा करना है। आगे कहा कि हमें प्लास्टिक और पॉलीथिन का उपयोग पूरी तरह बंद करने तथा स्वदेशी उत्पादों को अपनाने की दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। इससे न केवल पर्यावरण को संरक्षण मिलेगा बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था भी सशक्त होगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सरपंच रेमन्त शांडिल्य ने कहा कि यह




गौशाला ग्रामवासियों के लिए श्रद्धा और प्रेरणा का केंद्र बनेगी तथा यहां गौ सेवा का कार्य संगठित रूप से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर गौशाला अध्यक्ष प्रिंस गोलछा, उपाध्यक्ष पेमन स्वर्णबेर, कोषाध्यक्ष अनिल वाधवानी, जनपद पंचायत अध्यक्ष महेश गोटा, जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, प्रांताध्यक्ष गौ सेवक सुबोध राठी, जिलाध्यक्ष गौ सेवा समिति धमतरी हेमराज सोनी सहित वैभव गोलछा, नागेन्द्र शुक्ला, राजेशनाथ गोसाई, ज्ञानचंद गोलछा, मदनलाल नाग, देवनाथ साहू, उमराव साहू, खेमेन्द्र साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## खो-खो स्पर्धा में सोरम स्कूल के तीन छात्रों का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम से तीन खिलाड़ी का चयन राज्य स्तरीय शालेय खो-खो 19 वर्ष (बालक-बालिका) प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रतियोगिता कांकेर में 6 से 9 नवंबर तक होगी। क्षेत्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोरम के अर्जुन यादव पिता गंगाधर यादव, रागिनी ध्रुव पिता मनोहर ध्रुव, विद्या यादव पिता धर्मेंद्र यादव का चयन इस स्पर्धा के लिए हुआ है। छात्र-छात्राओं के चयन पर प्राचार्य जेआर साहू, पूर्णिमा वारदे, अंजु लिखी, वीपी साहू, गुलेश्वरी देवांगन, सरिता शर्मा, दानेश्वरी सिन्हा, मनोरमा खरया, छाया श्रीवास्तव, नलिनी मिश्रा, सरस्वती ध्रुव, सुभद्रा यादव, सारिका वर्मा, प्रभा साहू,




व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार सिन्हा, पूर्णिमा गोटा ने हर्ष जताया है।

## अंचल की खबरें

### कला उत्सव में महानदी एकेडमी के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा



**नगरी।** राज्यस्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में महानदी एकेडमी नगरी के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। विद्यार्थियों का चयन राज्यस्तरीय कला उत्सव के लिए हुआ। रायपुर में आयोजित राज्यस्तरीय कला उत्सव में विद्यार्थियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी का मन मोह लिया। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य, संचालक, अजय छाजेड़, मोहन नाहटा, निकेश ठाकुर, अहमद रजा, शशक तथा अनिल जैन ने हर्ष जताया है।

### परसुली स्कूल में प्रधानपाठक को दी गई विदाई



**धमतरी।** ग्राम परसुली में शाला प्रबंधन समिति व शिक्षकों ने रिटायर प्रधानपाठक परस राम ध्रुव को भावभीनी विदाई दी। समारोह में शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रतीक चिन्ह, श्रीफल, डायरी व शाल से सम्मानित किया। मौके पर अध्यक्ष खम्मनलाल साहू, सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी, उपसरपंच घनश्याम बांधे, मेघनाथ भंडारी, चित्रसेन निषाद, तोरण निषाद, खमेश्वरी साहू, कामिनी निषाद, कुलवंतीन निषाद, चंद्रिका साहू, तारामति साहू, चंद्रकला साहू, सरोज सोनवानी, लोकेश्वरी साहू, शिक्षक राजू सालोमान, टिकेश्वर साहू मौजूद थे। मंच संचालन अनिल सिन्हा व आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक पालनहार मेश्राम ने किया।

### राष्ट्रीय एकता, पौधों की सुरक्षा का लिया संकल्प



**धमतरी।** राष्ट्रीय एकता दिवस एवं अक्षय आंवला नवमी पर्व पर कन्या आश्रम शाला भोथापारा में देव वृक्ष आंवला एवं प्रकृति देवता का पवित्र मंत्रोच्चारण के साथ पूजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री महिला मण्डल की सदस्य एवं शाला प्रभारी श्रीमती देवकी नाग ने कहा कि पेड़ पौधे एवं हरियाली धरती के श्रृंगार हैं। पेड़ पौधों से हमें जीवन उपयोगी बहुत चीजें प्राप्त होती है। इसलिए हमें पौधरोपण कर उनकी सुरक्षा करना चाहिए। राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में देश की एकता एवं अखंडता के लिए बच्चों ने संकल्प लिया। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि इस शाला में निरंतर शिक्षाप्रद एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में अमीना नागवंशी, द्रौपदी मालेकर, अमीषा यादव, हुमन नागवंशी, अनीता ध्रुव, महेश्वरी ध्रुव, राजेन्द्र नाग एवं शाला की बालिकाएं उपस्थित थीं।

### राठौर बने सहायक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ सहायक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष पद पर जांजगीर जिले के शिक्षक नेता रविंद्र राठौर ने शानदार जीत हासिल की। भामाशाह साहू समाज भवन टिकरापारा रायपुर में हुए इस चुनाव में तीन प्रत्याशी अध्यक्ष पद के लिए मैदान में थे लेकिन 33 जिला अध्यक्षों, 146 ब्लॉक अध्यक्षों और संस्थापक सदस्यों ने राठौर के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए उन्हें प्रदेश की कमान सौंपी। सचिव राजू टंडन रायपुर, उपाध्यक्ष देवेंद्र हरमुख बालोद और कोषाध्यक्ष शेषनाथ पांडे कोंडागांव चुने गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने कहा कि यह जीत केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि प्रत्येक शिक्षक के विश्वास की जीत है। अब संगठन और अधिक मुखर होकर शिक्षकों के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ेगा। धमतरी जिला अध्यक्ष दौलत ध्रुव ने इसे नई ऊर्जा के साथ संगठन में नेतृत्व परिवर्तन बताया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने संगठन के मार्गदर्शक की भूमिका निभाने का वादा किया। फेडरेशन के प्रांतीय प्रवक्ता हुलेश चंद्राकर ने कहा कि यह जीत आम शिक्षकों के विश्वास की जीत है। श्री राठौर की जीत पर अनेक पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### पहंदा में हुआ शहीद परिवार का सम्मान

**मगरलोड।** राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर पहंदा में सैनिक सम्मान कार्यक्रम हुआ। रात्रि में कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। आजाद फ्रेंड्स क्लब द्वारा आसपास के शहीद परिवार को आमंत्रित कर उनका सम्मान मंच पर किया गया। मुख्य अतिथि ग्रामीण पटेल प्यारेलाल साहू थे। अध्यक्षता ग्राम सरपंच लोकनाथ सूर्यवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत आर्मी घासीराम नेताम, जयराम सिन्हा, नीलकंठ नेताम, गोविंद साहू सचिव, राधेश्याम नेताम ग्रामीण अध्यक्ष, कन्हैयालाल कौशिक थे।

## जैन समाज ने गुरु भगवंतों के प्रवचन का लाभ उठाया

# कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ चातुर्मास का समापन श्रद्धा और भक्ति का दिखा अनोखा संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जैन समाज में चार माह तक चले चातुर्मास काल का समापन कार्तिक पूर्णिमा पर हुआ। इस दौरान पूरे शहर में श्रद्धा, भक्ति और धार्मिकता का वातावरण देखने को मिला। महेंद्र सागर मसा एवं मनीष सागर मसा के शिष्यरत्न प्रथम सागर तथा योगवर्धन के सान्निध्य में चातुर्मास का यह काल धमतरी में हुआ। इस चातुर्मास काल में समाज के श्रद्धालुओं ने गुरु भगवंतों की निश्रा में जिनवाणी श्रवण, स्वाध्याय, पूजा, आराधना और साधना के विविध कार्यक्रमों में भाग लेकर आत्मविकास की दिशा में कदम बढ़ाए। प्रशम सागर मसा एवं योगवर्धन मसा के प्रवचनों से धर्म, करुणा और संयम का संदेश समाज में प्रवाहित हुआ। चातुर्मास के दौरान गुरु भगवंतों की प्रेरणा से अनेक विशेष धार्मिक आयोजन हुए। दादा गुरुदेव की 108 जोड़ों की भव्य पूजा हुई। अंतरिक्ष पार्श्वनाथ भगवान की भाव यात्रा भी कराई गई। इस अवसर पर 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ के मोक्षस्थल गिरनार तीर्थ (गुजरात) का सुंदर प्रतिरूप श्री पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार में तैयार किया गया था। लगभग 350 श्रावक-श्राविकाओं ने परिवार सहित भाग लेकर गिरनार तीर्थ की नवानु यात्रा की।

जैन दर्शन के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा का दिन अत्यंत पावन माना गया है। इसी दिन प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ के पौत्र द्रविड़ और वारीखिल्ल मुनिराज 10 करोड़ मुनियों के साथ अष्टापद तीर्थ (पालीताणा) से मोक्ष को प्राप्त हुए थे। जैन परंपरा में यह दिन मोक्षमार्ग की आराधना और आत्मशुद्धि का प्रतीक माना जाता है।



### गुरु भगवंतों का विहार

चातुर्मास समापन के पश्चात दोपहर 3 बजे श्री पार्श्वनाथ जिनालय से महेंद्र सागर मसा, प्रथम सागर मसा, योगवर्धन मसा का विहार प्रारंभ हुआ। विहार करते हुए संतोष पारख के निवास संतलहरी नगर पहुंचे, जहां समाजजनों ने उनका भावपूर्ण स्वागत किया। गुरु भगवंतों का अगला विहार दुर्ग की दिशा में होगा।

### समाजजनों की रही बड़ी सहभागिता

कार्यक्रम में भंवरलाल छाजेड़, विजय गोलछा, जीवनलाल लोढ़ा, संजय लोढ़ा, अशोक पारख, संजय बरडिया, सुनील बरडिया, मोहन गोलछा, लूणकरण गोलछा, लक्ष्मीलाल लूनिया, पारसमल गोलछा, श्याम डागा, विजय बैद, मोतीलाल चोपड़ा, अमित लोढ़ा, शिशिर सेठिया, मनोज कटारिया, दीपक पारख, अंकित बरडिया, प्रतीक बैद, कुशल चोपड़ा, नितिन बरडिया, भव्य बरडिया, संकेत बरडिया, भव्य भंसाली, प्रियल बैद, पूजा लूनिया, आस्था लूनिया, मनीषा कटारिया, निधि पारख, संजना सेठिया, अंजलि लूनिया सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## छात्रों को बताए नशे से होने वाले दुष्प्रभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शासकीय माध्यमिक शाला अरौद में नशामुक्ति केंद्र गोकुलपुर धमतरी द्वारा नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम एवं शपथ ग्रहण कराया गया। इस दौरान छात्रों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया।

नशा शरीर और मन दोनों पर बुरा प्रभाव डालता है। इससे मानसिक दुष्प्रभाव, याददाश्त कमजोर होना, निर्णय लेने की क्षमता कम होना, चिड़चिड़ापन और गुस्सा बढ़ना, अवसाद व आत्महत्या के विचार आते हैं। लिवर और किडनी को नुकसान पहुंचता है। ह्रदय रोग की संभावना रहती है। प्रतिरक्षा तंत्र कमजोर हो जाता है। मौके पर रोजगार सहायक, पटवारी,रोजगार सहायक, आयुष्मान स्वास्थ्य विभाग अरौद के स्टाफ, मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित थे।

## एकलव्य खेल परिसर में आज बॉक्स क्रिकेट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर पालिक निगम द्वारा युवाओं में खेल भावना, उत्साह और जोश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बॉक्स क्रिकेट का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 6 नवम्बर को शाम 7 बजे एकलव्य खेल परिसर धमतरी में होगा। नगर निगम द्वारा तैयार किया गया यह बॉक्स क्रिकेट युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने तथा शारीरिक फिटनेस और टीम भावना को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। निगम का उद्देश्य युवाओं को खेल के माध्यम से अनुशासन, एकजुटता और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। खेल परिसर में आधुनिक सुविधाओं के साथ यह नया बॉक्स क्रिकेट युवाओं के लिए अभ्यास और खेल प्रतियोगिताओं का एक उत्कृष्ट मंच बनेगा।



## बगौद में साहू समाज के पदाधिकारियों ने ली शपथ



■ भटके हुए युवाओं को समाज की विचारधारा से जोड़ना है : अवनेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

बगौद परिक्षेत्र साहू समाज के तत्वावधान में शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का आयोजन 3 नवम्बर को साहू भवन बगौद में रखा गया। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू थे। अध्यक्षता तहसील साहू संघ कुरुद अध्यक्ष कृष्णकांत साहू ने की। विशेष अतिथि मालक राम साहू, तोरण साहू, केकती साहू, गीतेश्वरी साहू, कामताप्रसाद साहू, रिखीराम साहू, खेमन साहू, चमेली साहू, गायत्री साहू, हिमांशु साहू, दशोदा साहू, कृष्णालाल साहू, नेतराम साहू ने मनोनीत पदाधिकारी को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने कहा कि आज के युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं। समाज से दूरी बना ली है। भटके हुए युवाओं को समाज की विचारधारा से जोड़ना है तभी हम अच्छे समाज की कल्पना कर सकते हैं।

गोधूलि बेला में शादी होने वाली शादी को रात्रि में 12-1 बजे कर रहे हैं जो समाज में अच्छा संदेश नहीं जाता। इसमें सुधार की जरुरत है। समाज में सुधार लाने के लिए लक्ष्य बनाना होगा। बिना लक्ष्य के कोई कार्य पूर्ण नहीं होता है। जनपद पंचायत कुरुद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाने की जरुरत है। आज छोटे बच्चे से लेकर बूढ़े भी नशे की लत में डूबे हुए हैं जिससे अच्छे समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है।

हमें समाज को आगे बढ़ाना है तो नशामुक्त समाज बनाना होगा। बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करें। नरसिंह साहू ने कहा कि समाज के लोगों में एकरुपता व भाईचारा होना चाहिए। मौके पर कृष्णा साहू, रिखीराम साहू, नेतराम साहू, ताराचंद साहू, नरसिंह साहू, टेकराम साहू, दीपेश्वरी साहू, विश्वनाथ साहू, शशि साहू, धुसन साहू, दिनेश साहू, राकेश साहू, खेमन साहू, वीरेंद्र साहू, अशोक साहू, भागवत साहू, सेवकराम साहू, रामचंद्र साहू, लेखराम साहू, रेलहाराम साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## आदिवासी परंपराओं की रक्षा पर उच्च न्यायालय का ऐतिहासिक फैसला

■ सामाजिक सद्भाव की रक्षा में मील का पत्थर साबित होगा : रामचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



प्रलोभन या धोखाधड़ी के माध्यम से धर्मांतरण को रोकने के लिए लगाए गए होर्डिंग्स को लेकर आए एक महत्वपूर्ण प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने स्पष्ट किया है कि ऐसे होर्डिंग्स असंवैधानिक नहीं हैं। यह निर्णय आदिवासी समाज की सांस्कृतिक अस्मिता और परंपरागत पहचान की रक्षा को नया आधार प्रदान करता है। राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता यशवंत सिंह ठाकुर ने न्यायालय में पक्ष प्रस्तुत करते हुए तर्क रखा कि आदिवासी ग्राम सभाओं द्वारा लगाए गए ये होर्डिंग्स किसी धर्म के विरोध में नहीं, बल्कि पेसा नियमों के अनुरूप स्थानीय संस्कृति, गोटुल और धुमकुड़िया जैसी पारंपरिक संस्थाओं की रक्षा और प्रलोभन आधारित धर्मांतरण की रोकथाम के उद्देश्य से लगाए गए हैं। श्री ठाकुर की प्रभावशाली दलीलों को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने राज्य सरकार के पक्ष में निर्णय सुनाया। इस फैसले से जहां संविधान प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता की मर्यादा सुरक्षित रही, वहीं आदिवासी समाज की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक संतुलन को भी बल मिला। इस निर्णय को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के जिला मंत्री रामचंद देवांगन ने कहा कि न्यायालय का यह फैसला सनातन मूल्यों, आदिवासी परंपराओं और सामाजिक सद्भाव की रक्षा की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

## समाज के विकास एवं मजबूती पर दिया जोर



**धमतरी।** परिक्षेत्रीय साहू समाज लिमतरा का दीपावली मिलन समारोह परिक्षेत्रीय भवन लिमतरा में हुआ। अध्यक्ष तरुण साहू ने संत माता कर्मा की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संरक्षक द्वय उदयराम साहू और हंसराज साहू ने समाज के विकास एवं मजबूती के लिए सतत प्रयास करने की बात कही। अध्यक्ष तरुण साहू ने समाज की दशा, दिशा और बच्चों के संस्कार को लेकर समाज को चिंतन करने की जरूरत बताया। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि ऊपर तल में छात्रावास निर्माण के लिए सांसद से मुलाकात करने, कोलियारी धमतरी के नवनिर्मित कर्मा मंदिर में आगामी कर्मा जंयती मनाने, ब्लड बैंक की सूची तैयार करने तथा मां कर्मा बैंक की स्थापना जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। कार्यक्रम में कामताप्रसाद साहू, पूर्णिमा बनपेला, पन्नालाल साहू, अमरदास साहू, ज्ञानानंद, लीपचंद, गुलाब साहू, पालकेश्वर, दीनूराम, भूषण साहू, नरेंद्र, बालमुकुंद, चुनुलाल, कुंजलाल, कोमल, अनिल बनपेला, पूर्णलाल, डां कुलदीप, कनक साहू, भागवत, भीखूराम, छेदनलाल, सावित्री, ईश्वरी साहू समेत अठारह गांव के ग्रामीण अध्यक्ष उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मोतीलाल साहू ने किया।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### युवक की मौत पर मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत सीएचसी अंतागढ़ में इलाज के लिए लाए धमतरी जिला के हाटकेसर निवासी 39 वर्षीय राजू ध्रुव का 4 नवंबर को मौत हो गया। अस्पताल से अंतागढ़ थाना में अस्पताली मेमो पेश कर बताया गया कि मृतक की मौत अज्ञात कारणों से हुई है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कराते स्पर्धा में संदीप ने जीता कांस्य पदक



**दुर्गूकोंदल।** संयुक्त भारत ओपन कराते प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रोशन करने वाले संदीप नेताम का सम्मान किया गया। यह सम्मान समारोह ग्राम पंचायत कोदापाखा क्षेत्र में आयोजित हुआ। सम्मान समारोह में जनपद सदस्य हेमलता उयके, बांगाचार सरपंच अनूपा कोवाची, उपसरपंच शानू नेताम, ग्रामवासी मुकेश गावड़े तथा नागरिकों ने शॉल, श्रीफल एवं स्मृति उपहार प्रदान कर सम्मानित किया। सभी ने उनके दृढ़ संकल्प, मेहनत और लगन की सराहना कियाा। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों और युवाओं ने संदीप का हौसला बढ़ाया और तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया।

### साहस्रबाहू जयंती धूमधाम से मनाई



**कोरर।** कोकानपुर में साहस्त्रबाहु अर्जुन जयंती धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन के छाया चित्र पर दीपक जलाकर, पुष्प अर्पण कर , तिलक वंदन कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गाया। कार्यक्रम में पारसमणी जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष ने भगवान सहस्त्रबाहू अर्जुन की वीरगाथा के बारे में सामाजिक लोगों को बताया। इस अवसर पर केशव राम जैन ग्रामीण संरक्षक, लखन सिन्हा ग्राम प्रमुख, प्रकाश जैन सचिव, चेतन सिन्हा कोषा अध्यक्ष, गौतम सिन्हा, टीकम जैन, जितेन्द्र जैन, पुष्कर सिन्हा, मिथलेश जैन, वेदप्रकाश सिन्हा, सामाजिक कार्यकर्ता, आत्मा सिन्हा सहित समस्त डडसेना कलार समाज के ग्रामीण व कोकानपुर के ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सिंधी समाज और सिख समाज ने मनाया गुरू का प्रकाश पर्व

# शहर में गुरुनानक देव महाराज जयंती की धूम

- शोभायात्रा, भोग साहब, भक्ति संगीत और भंडारे से महका शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री गुरुनानक देव महाराज की 556वीं जयंती पर बुधवार को शहर में भक्ति और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। सिंधी समाज और सिख समाज ने शहर में विविध धार्मिक कार्यक्रम, शोभायात्रा, भोग साहब, कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया।

बुधवार की सुबह सिंधी समाज की ओर से भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ आमापारा स्थित गुरुद्वारा बाबा गुरदासराम दरबार से हुआ। शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों घड़ी चौक, बालक चौक, गोल बाजार, मठमंदिर चौक, चमेली चौक, कचहरी चौक से होते हुए गांधी मैदान पहुंची, जहां श्रद्धालुओं के लिए जलपान की व्यवस्था की गई थी। इसके बाद शोभायात्रा रामसागर तालाब, शिव चौक, म्युनिस्पिल स्कूल चौक होते हुए रत्नाबांधा चौक तक पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत किया।

शोभायात्रा में गुरु नानक देवजी महाराज के वाहन को आकर्षक फूलों से सजाया गया था। विभिन्न प्रकार की आकर्षक झांकियां थीं जो गुरु नानकदेव जी के उपदेशों एवं जीवन प्रसंगों को प्रदर्शित कर रही थीं। महिलाएं भजन-कीर्तन गाते हुए चल रही थीं जबकि बच्चे और युवा गुरु नानक देव जी अमर रहे के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे।







गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बुधवार को गुरूद्वारे में शबद कीर्तन का कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने गुरू ग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेककर और मिठाईयां बांटकर एक दूसरे को बधाई दी। अंत में गुरू का अटूट लंगर हुआ।

### धर्मशाला में आतिशबाजी और भंडारा

शोभायात्रा का समापन श्री पूज्य सिंधी धर्मशाला में हुआ जहां रात 9:30 बजे भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। इसी अवसर पर घड़ी चौक में रंगीन आतिशबाजी ने वातावरण को आलोकित कर दिया और गुरु नानकदेव जी महाराज के प्रकाश पर्व का उल्लास चारों ओर फैल गया।

### दरबारों में हुआ भोग साहब का आयोजन

मीडिया प्रभारी राजेश चावला ने बताया कि धमतरी के सभी सिंधी दरबारों में क्रमवार भोग साहब का आयोजन हुआ। प्रातः 6:30 बजे माता देवकी बाई दरबार विवेकानंद नगर, 8 बजे भाई गोपालदास दरबार टिकरापारा, 9:30 बजे भाई किशनचंद दरबार कोष्टपारा, 10 बजे बाबा जागणराम दरबार आमापारा, 10:30 बजे भाई तुलसीदास दरबार कोष्टपारा और 11 बजे बाबा गुरदासराम दरबार (पूज्य पंचायत सिंधी समाज धर्मशाला) में अंतिम भोग साहब संपन्न हुआ। इसके पश्चात दोपहर 12:30 बजे से पूज्य पंचायत सिंधी समाज धर्मशाला में आम भंडारे का आयोजन किया गया।

### भक्ति संगीत और कीर्तन से गूंजा वातावरण

जयंती के एक दिन पूर्व 4 नवंबर की रात गुरुद्वारा परिसर में भक्ति संगीत संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों और कीर्तन मंडलियों ने भक्ति गीत प्रस्तुत कर वातावरण को भक्ति रस से सराबोर कर दिया।





बुधवार को सिंधी समाज के श्रद्धालु महिला पुरूषों ने शोभायात्रा निकालकर गुरुनानक देव जी का प्रकाश पर्व मनाया।

### गुरुद्वारों में हुआ अखंड पाठ और शबद कीर्तन

सिख समाज द्वारा भी गुरुद्वारों में दिनभर भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रातः अखंड पाठ साहिब के साथ कार्यक्रमों की शुरुआत हुई, जिसके पश्चात शब्द कीर्तन और हरिदास साहिब का पाठ हुआ। गुरुद्वारों में भक्ति संगीत और गुरु वंदना की गूंज से पूरा वातावरण श्रद्धा से भर गया। दोपहर 1 बजे से शाम तक आम भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया। रात 12 बजे गुरु नानक देव जी महाराज के जन्मोत्सव पर विशेष आतिशबाजी की गई, जिससे पूरा क्षेत्र प्रकाश और उल्लास से जगमगा उठा।

रात 9:30 बजे लंगर प्रसाद का वितरण किया गया।

### समाज ने भी मनाया गुरु पर्व

गुरु नानक देवजी की जयंती के अवसर पर 5 नवंबर को सिंधी समाज ने भी आत्मीय सहयोग देते हुए अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर समाजिक एकता का संदेश दिया। श्रद्धालुओं ने गुरु नानक देवजी के उपदेशों समानता, करुणा और मानवता को आत्मसात करते हुए समाज में प्रसारित किया।

इस अवसर पर मोहन लालवानी, अरविंदर मुंडी, जसलीन सिंह अजमानी, राजेंद्र सिंह अजमानी, चंद्रलाल जसवानी, रामू वाधवानी, किशोर चारवानी, अशोक वाधवानी, संजय मुंजवानी, सुरेश वल्र्याणी, अशोक दुम्बानी, संतोष तेजवानी, संजय धामेजा, संतोष बोधवानी मुकेश बोधवानी, विजय धामेजा, सिमरन हिंदूजा, राज भावरा, शैली भावरा, ममता खालसा, मोंटी छाबड़ा, हर्षप्रीत सिंघ सहित हजारों की संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, सभापति, महापौर ने गुरुद्वारे में मत्था टेका

श्री गुरुनानक देवजी का 556वां प्रकाश पर्व बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास से मनाया गया। सुबह से ही गुरुद्वारों में शबद कीर्तन, सुमिरन और लंगर सेवा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू ने गुरुद्वारे पहुंचकर मत्था टेक आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव की शिक्षाएं करुणा, विनम्रता और निःस्वार्थ सेवा की भावना को जागृत करती हैं। ईश्वर किसी एक धर्म या जाति तक सीमित नहीं है, बल्कि हर जीव में विद्यमान है। नगर निगम लोक निर्माण विभाग के सभापति विजय मोटवानी ने भी मत्था टेककर समाज के सुख, शांति और समृद्धि की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि गुरु परंपरा ने सदैव मानवता की रक्षा और समाज में समभाव का संदेश दिया है। महापौर रामू रोहरा ने भी दरबार में मत्था टेका। उन्होंने कहा कि गुरु नानक देवजी का जीवन सत्य, सेवा और प्रेम का प्रतीक है। उनके उपदेश आज भी समाज में एकता और भाईचारे की भावना को प्रबल करते हैं।

## समर्पण की भावना ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची शक्ति : अनीता

- गागरा में 9 नवम्बर तक राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर चलेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कंडेल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम गागरा में 9 नवम्बर तक सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती अनीता साहू ने किया। अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने की। मुख्य अतिथि श्रीमती अनीता साहू ने अपने उद्बोधन में युवाओं को समाज सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं ग्राम विकास के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि युवाओं में सेवा भाव और समर्पण की भावना ही राष्ट्र निर्माण की सच्ची शक्ति है। प्राचार्य राहुल सिंह नेताम ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व एवं सामाजिक दायित्व की भावना विकसित करने का माध्यम है।

उद्घाटन दिवस पर कुल 50 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। प्रथम दिवस स्वच्छता अभियान, ग्राम भ्रमण एवं जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता, साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया।कार्यक्रम का संचालन एसके यादव व आभार व्यक्त एनएसएस प्रभारी सीएल धीवर ने किया। मौके पर ग्रामीण समिति अध्यक्ष उत्तम चोपड़िया, उपसरपंच गोपीचंद यादव, पंचगण हिरदेश्वरी, निर्मला, रामेश्वरी, बिंदु साहू, जावन्तीन रानी तिवारी , नरेश ढीमर हेमंत साहू योगेश साहू, मौरज साहू व व्याख्यातागण हेमलता सोनी, शर्मिष्ठा पवार तथा शिक्षक रितेश यादव, पूर्व जनपद सदस्य रामाधार साहू, योगेश साहू, सचिन साहू उपस्थित थे।

## सरदार पटेल 140 करोड़ देशवासियों के आदर्श : कविंद्र

- यूनिटी पदयात्रा को लेकर रिसाईमाता शक्ति केंद्र की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

देश के प्रथम उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150 वीं जयंती पर केंद्र की मोदी सरकार देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी तारतम्य में 8 नवंबर को आमदी नगर पंचायत यूनिटी पदयात्रा प्रारंभ होगी जो गांधी मैदान तक आयेगी।

अतिथि प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, छग राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष चंदूलाल साहू, विधायक कुरूद अजय चंद्राकर, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, श्रीमती रंजना साहू, अरुण सार्वा, नेहरू निषाद, रामू रोहरा, इंदर चोपड़ा सहित होंगे। यह यूनिटी मार्च ग्राम पोटियाडीह, मुजगहन, रत्नाबांधा , घड़ी चौक, मठ मंदिर चौक होते हुए गांधी मैदान जाएगी। इस दौरान आमदी, मुजगहन और गांधी मैदान धमतरी में भी सभा होगी। कार्यक्रम को लेकर भाजपा गांव-गांव एवं शहर के शक्ति केंद्रों में बैठक आयोजित कर लोगों से इस पदयात्रा में सहभागिता की अपील कर रही है। धमतरी के रिसाईमाता शक्ति केंद्र की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा नेता कविंद्र जैन ने कहा कि सरदार पटेल 140 करोड़ देशवासियों के आदर्श हैं। उन्होंने देश की 562 से अधिक रियासतों का विलय भारत में करके राष्ट्रीय एकता स्थापित करने में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भाजपा नेता राजेंद्र शर्मा ने कार्यकर्ताओं में जोश भरा।



उन्होंने कहा कि यूनिटी मार्च में रिसाईमाता शक्ति केंद्र अंतर्गत आने वाले अंबेडकर वार्ड, पोस्ट ऑफिस वार्ड और बनियापारा वार्ड से सैकड़ों वार्डवासी शामिल होंगें। पार्षद कुलेश सोनी, पिंटू यादव और चंद्रभागा साहू तथा बैठक प्रभारी नीतू त्रिवेदी ने भी सभी से पदयात्रा में शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विजय ठाकुर, श्यामा साहू, मुकेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नन्हा गौतम बना हौसले की मिसाल

**दादी के मना करने पर भी रोज जाता है स्कूल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

मगरलोड विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला अरौद (मेघा) का नन्हा छात्र गौतम यादव आज पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा बन गया है। महज 5 साल का यह बालक इस उम्र में शिक्षा के प्रति अदम्य लगन दिखा रहा है, जब ज्यादातर बच्चे खेलने में मग्न रहते हैं। गौतम यादव का परिवार पशुपालन से जुड़ा है। रोज उसकी दादी, जिन्हें गांव के लोग डोकरी दाई कहते हैं, प्यार से पुकारती हैं – "चल रे बेटा, लऊठी धर, गरवा चराय बर जाबो" लेकिन गौतम का जवाब होता है, "नहीं दाई, मैं अभी गय्या चराने नहीं, सबसे पहले पढ़ने जाऊंगा।



गौतम की यह जिद अब पूरे गांव के लिए प्रेरणास्त्रोत बन चुकी है। प्रधानपाठिका श्रीमती पुष्पलता यादव ने उसकी नियमितता और मेहनत की सराहना करते हुए बताया कि वह पिछले तीन महीने स्कूल नहीं आ रहा था, पर अब अपनी दादी से जिद कर रोज स्कूल आने लगा है। विद्यालय के शिक्षकों प्रमोद कुमार ध्रुव, योग शिक्षक यशवंत कंवर और संगीत प्रशिक्षक देवेन्द्र प्रताप साहू ने भी गौतम की इच्छा शक्ति की प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार के लिए चयनित किया जाना चाहिए।

गौतम न केवल पढ़ाई में बल्कि योग, प्राणायाम और विद्यालय की साफ-सफाई, पौधों में पानी डालने जैसे कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी करता है। उसका सपना है कि आगे चलकर जवाहर नवोदय विद्यालय में पढ़ाई करे और देश सेवा में योगदान दे।

नन्हा गौतम यह साबित कर रहा है कि यदि मन में दृढ़ इच्छा शक्ति हो तो कोई भी बाधा शिक्षा के मार्ग में रुकावट नहीं बन सकती। ऐसे बच्चे समाज के लिए सच्ची प्रेरणा हैं।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया पीएम का अभिनंदन



**नगरी।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रायपुर में छत्तीसगढ़ के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रजत जयंती समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम समाप्ति के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस ने पीएम मोदी से मुलाकात की। मोदी जी ने मुस्कुराते हुए उनका अभिनंदन स्वीकार किया।

### एड्स आज समाज की सबसे भयावह बीमारी

**नगरी।** एचआईवी एड्स आज इस समाज की सबसे भयावह बीमारी बन चुका है। भारत में हर साल एड्स से लगभग 42000 लोगों की मौत होती है। इस बीमारी से बचाव ही इसका उपचार है।

जनमानस में जागरूकता लाने के लिये 31 अक्टूबर को शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय के रेड रिबन क्लब द्वारा स्कूल आऊट रिच प्रोग्राम के तहत स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल में प्रभारी प्राचार्य डा. एके ध्रुव के मार्गदर्शन व कौशल नायक के संयोजन में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में लगभग 18 वालंटियर ने भाग लिया। छात्रों ने नुक्कड़ नाटक से एचआईवी के फैलने के कारण को प्रमुखता से बताया।

## धमतरी अंडर-14 टीम की धमाकेदार जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य क्रिकेट संघ के निर्देश पर आयोजित 25-26 सत्र के पहले अंडर-14 एक दिवसीय जिला स्तरीय क्रिकेट मैच में धमतरी जिला क्रिकेट संघ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने अभियान की शुरुआत धमाकेदार जीत से की। पीजी कॉलेज धमतरी के क्रिकेट मैदान में खेले गए इस मुकाबले में धमतरी ने दंतेवाड़ा को 10 विकेट से पराजित किया।

सुबह 9.15 बजे शुरू हुए मुकाबले में दंतेवाड़ा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया, लेकिन धमतरी के गेंदबाजों के सामने उनकी एक न चली। पूरी टीम मात्र 13.3 ओवर में 29 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। धमतरी के कप्तान प्रिंस कुमार ने 7 ओवर में 20 रन देकर 4 विकेट झटके, वहीं पीयूष जैन ने 6 ओवर में केवल 9 रन देकर 5 विकेट लेकर दंतेवाड़ा की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी धमतरी के ओपनर जोड़ी आयुष शर्मा और योगीराज सिन्हा ने शानदार शुरुआत करते हुए मात्र 5 ओवर में 30 रन बनाकर टीम को 10 विकेट से विजयी बना दिया।

ज्ञात हो कि धमतरी जिला क्रिकेट संघ द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए वर्षों से स्किल कैंप और नियमित अभ्यास सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। संघ द्वारा सक्षम कोचों के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही जिले की बालिकाओं और आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभावान खिलाड़ियों के लिए निःशुल्क कोचिंग की सुविधा भी प्रदान की जाती है।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की दी गई जानकारी

**नगरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पंचायत नगरी के वार्ड क्रमांक 3 में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी एवं व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना कर की गई।













